आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 28.02.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती–2027 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू। एक अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा।
- होली पर्व को देखते हुए बागेश्वर जिले में खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।
- जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार में पी. एम. विश्वकर्मा, विपणन और मार्केटिंग पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।
- उत्तरकाशी जिले में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्राकृतिक रंग बनाकर, सुरक्षित और स्वदेशी होली का संदेश दे रही हैं।

**अग्निवीर भर्ती**

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती–2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। सेना भर्ती कार्यालय लैंसडाउन के अनुसार अग्निवीरों की भर्ती के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। यह भर्ती प्रक्रिया गढ़वाल क्षेत्र के हरिद्वार, देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी और रुद्रप्रयाग जिलो के स्थायी निवासी उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जा रही है। ऑनलाइन पंजीकरण 13 फ़रवरी से शुरू हो चुका है और आवेदन की अंतिम तारीख पहली अप्रैल निर्धारित की गई है। सामान्य प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथियां 01 जून से 15 जून के बीच निर्धारित की गई हैं। ऑनलाइन पंजीकरण और भर्ती संबंधी विस्तृत अधिसूचना, भारतीय सेना की आधिकारिक वैबसाइट– डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट काम पर उपलब्ध है।

**खाद्य विभाग छापेमारी**

होली पर्व को देखते हुए बागेश्वर जिले में खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की टीम ने कपकोट और बागेश्वर नगर क्षेत्र सहित आस–पास के इलाकों में औचक जांच की। निरीक्षण के दौरान मिष्ठान भंडार, किराना स्टोर, डेयरी प्रतिष्ठान और अन्य खाद्य कारोबारियों के यहां स्वच्छता, भंडारण व्यवस्था, लाइसेंस, पंजीकरण, क्रय–विक्रय अभिलेखों आदि की गहन जांच की गई। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा डॉ. प्रकाश चंद फलारा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान संदेह के आधार पर मावा, विभिन्न प्रकार की मिठाइयों और खाद्य तेल सहित सात नमूने को जांच के लिए रुद्रपुर स्थित खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित कारोबारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के सघन निरीक्षण अभियान निरंतर संचालित किए जाएंगे, ताकि होली पर्व के दौरान आमजन को सुरक्षित और गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

**टिहरी झील महोत्सव**

टिहरी में आगामी 6 से 9 मार्च तक टिहरी झील महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय ने पत्रकारों को बताया कि महोत्सव की थीम ऑक्सीजन को लेकर है। महोत्सव को हिमालयन ओ–2 के नाम से प्रस्तावित किया गया है, जिसका उद्देश्य पर्यटन के साथ–साथ हिमालयी पर्यावरण को संरक्षित करना है। उन्होंने बताया कि गंगा, हिमालय, पानी और हवा को लेकर महोत्सव में वैश्विक संदेश देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "एक जिला–एक मेला" के तहत भी टिहरी झील महोत्सव अपनी अलग पहचान बनाएगा।

**संवासनी भ्रमण**

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशों पर जिला प्रोबेशन कार्यालय की ओर से राजकीय महिला कल्याण एवं पुनर्वास केन्द्र नारी निकेतन की संवासनियों को शहर के सिटी पार्क में भ्रमण कराया गया। इस दौरान संवासनियों को दिन का भोजन भी कराया गया। संवासनियों ने पार्क के प्राकृतिक सौंदर्य, हरियाली और स्वच्छ वातावरण में समय व्यतीत करते हुए प्रसन्नता जताई। लंबे समय बाद बाहरी वातावरण से जुड़ाव मिलने पर उनके चेहरों पर संतोष और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से झलक रहा था। इस पहल का उद्देश्य नारी निकेतन में निवासरत महिलाओं को सकारात्मक, खुला व प्राकृतिक वातावरण प्रदान करना और उनके मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना था।

**विश्वकर्मा योजना**

जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार में एमएसएमई देहरादून और हल्द्वानी मंडल द्वारा पी. एम. विश्वकर्मा, विपणन और मार्केटिंग पर आधारित एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिलेभर से लगभग दो सौ विश्वकर्मा लाभार्थियों ने भाग लिया। हल्द्वानी से आए सहायक निदेशक संदीप प्रियदर्शी ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को प्रशिक्षण देना था।

जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार के अपर सांख्यिकी अधिकारी आर.सी उनियाल ने कहा कि वर्तमान में पौड़ी गढ़वाल में साढ़े तीन सौ से अधिक विश्वकर्मा कार्ड बन चुके है। इस कार्यक्रम में लाभार्थियों को उनके उद्यमिता को बढ़ाने के तौर तरीके समझाए गए।

वहीं लाभार्थियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला।

**प्राकृतिक रंग**

उत्तरकाशी जिले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक रंग बनाकर, सुरक्षित और स्वदेशी होली का संदेश दिया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी जय भारत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत भटवाड़ी, डुंडा और चिन्यालीसौड़ विकासखंडों की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, होली पर्व के लिए प्राकृतिक और हर्बल रंग तैयार कर जिले के मुख्य बाजारों में स्टॉल लगाकर आजीविका को बढ़ावा दे रही हैं। सहायक परियोजना निदेशक रमेश चंद्रा ने बताया कि होली के पर्व पर कई महिला समूहों द्वारा मातृशक्ति आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ाते हुए इन प्राकृतिक रंगों का निर्माण और विपणन कर रही है।

**<u>एमडीडीए</u>**

राजधानी देहरादून में अनियोजित शहरी विस्तार और अवैध कॉलोनियों पर मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण– एमडीडीए की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में डोईवाला क्षेत्र में करीब 77 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को एमडीडीए की प्रवर्तन टीम ने ध्वस्त किया। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि नियोजित शहरी विकास से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है।

**आई.सी.सी. टी–20 क्रिकेट विश्व**

आई.सी.सी. टी–20 क्रिकेट विश्व कप में इंग्लैंड ने कल रात कोलंबो में खेले गए सुपर 8, ग्रुप 2 मैच में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड ने 161 रन का लक्ष्य 19 ओवर और 3 गेंद में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। प्रतियोगिता में आज सुपर 8 के ग्रुप 2 में पाकिस्तान का सामना श्रीलंका से होगा। यह मैच श्रीलंका के पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7 बजे शुरू होगा।